# मांगी अमन चैन की दुआ...

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** मुस्लिम समुदाय के पवित्र माह रमजानुल मुबारक महीने के आखरी जुमे की नमाज शुक्रवार को राजधानी की सभी मस्जिदों में अदा की गई। जामा मस्जिद अपर बाजार में आखरी अलविदा जुमा की नमाज मुफ्ती तलहा नदवी ने डेढ़ बजे अदा कराई। रमजानुल मुबारक महीने के बारे में जामा मस्जिद के खतीब मुफ्ती तलहा नदवी, हववारी मस्जिद के खतीब मुफ्ती कमर आलम कासमी ने कहा है कि रमजान का महीना रहमतों और बरकत का महीना होता है। इसमें तीन असरे होते हैं। एक असरा रहमत का, दूसरा मगफिरत का और तीसरा आग से खलासी का जो अभी चल रहा है। इस आखरी असरे में कुरान पाक नाजिल हुआ था। इसलिए यह आखरी असरा काफी अहम और महत्वपूर्ण होता है। इसमें एक रात ऐसी होती है जो हजार महीनों से अफजल होती है जिसे हम सबे कदर कहते हैं। साथ ही जकात, सदका, फितरा के बारे में विस्तार से बताया।

### यहां अदा की गयी अलविदा जुमा की नमाज

रांची की जामा मस्जिद में अलविदा जुमा की नमाज डेढ़ बजे मुफ्ती तलहा ने अदा कराई, वहीं हववारी मस्जिद में शहर काजी मुफ्ती कमर आलम कासमी ने अदा कराई। इसके पूर्व अब्दुल्लाह मस्जिद, पथलकुद्वा मस्जिद, मक्का मस्जिद, मदीना मस्जिद, डोरंडा वाली मस्जिद, हांडा मस्जिद समेत सभी मस्जिदों में अलविदा जुमा की नमाज मजिस्द के पेश इमाम ने अदा कराई।

**ईद की नमाज इस बार ईदगाह में 10 बजे :** ईद की नमाज ईदगाह में सुबह दस बजे पढ़ी जाएगी। हावारी मस्जिद में ईद की नमाज 8 बजे होगी।




## रिम्स एमबीबीएस थर्ड ईयर की परीक्षा में मचा बवाल

# परीक्षा नियंत्रक पर चोरी करवाने का आरोप लगाकर छात्रों ने किया हंगामा

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रिम्स एमबीबीएस थर्ड ईयर की परीक्षा में छात्रों ने रांची यूनिवर्सिटी परिसर में जमकर हंगामा किया। परीक्षा के दौरान एक छात्र को चोरी करवाने के आरोप में परीक्षा दे रहे अन्य छात्रों ने जमकर हंगामा किया। इसी दौरान हंगामा रोकने के लिए वहां पहुंची पुलिस के साथ भी मेडिकल छात्रों की तीखी बहस भी हुई।

यहां पर एग्जाम देने के लिए आए छात्रों ने एग्जामिनेशन कंट्रोलर और विश्वविद्यालय प्रबंधन पर मारपीट करने के गंभीर आरोप लगाए हैं। आक्रोशित मेडिकल स्टूडेंट्स ने रिम्स इमरजेंसी सेवा बंद करने की धमकी दी।



मौके पर पहुंची पुलिस के द्वारा छात्रों को समझाने का प्रयास किया गया लेकिन छात्र काफी गुस्से थे और न्याय की मांग पर अड़े रहे।

बता दें कि छात्रों ने परीक्षा नियंत्रक पर परीक्षा में चोरी करवाने का आरोप लगाया है। स्टूडेंट्स का आरोप है कि एक छात्र को जान-बूझकर चोरी करवाई जा रही है। इस बाबत विश्वविद्यालय प्रबंधन ने शनिवार को छात्रों से मिलने का समय दिया है, लेकिन छात्र मौके पर तत्काल निर्णय लेने की जिद पर अड़े रहे। छात्रों की भीड़ को हटाने के लिए एग्जामिनेशन कंट्रोलर ने कुछ छात्रों को हाथ में डंडा लेकर डांट लगाई। जिसके बाद वहां मौजूद छात्र आक्रोशित हो गये और हंगामा करने लगे। बाद में पुलिस के वरीय अधिकारियों ने समझा बुझाकर मामला शांत कराया।

# सरहुल, ईद और रामनवमी पर्व को लेकर रांची पुलिस अलर्ट मोड पर

### 2000 पुलिस की तैनाती

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** अगले 10 दिनों के भीतर दो बड़े पर्व सरहुल और ईद है। अनुमान है कि 11 अप्रैल को ही ईद और सरहुल दोनों ही मनाये जाएंगे। इसे देखते हुए सुरक्षा के दृष्टिकोण से रांची पुलिस व्यापक स्तर पर तैयारी कर रही है। दोनों पर्व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो, इसके लिए रांची पुलिस अलर्ट है और सुरक्षा तैयारियों को अंतिम रूप देने में लगी हुई है।

ईद और सरहुल इस वर्ष 11 अप्रैल को पड़ सकता है। सरहुल के अवसर पर एक तरफ जहां भव्य शोभा यात्राएं निकाली जाती हैं वहीं दूसरी तरफ ईद के मौके पर सभी ईदगाह और मस्जिदों में नमाज अता की जाती है। दोनों बेहद महत्वपूर्ण पर्व है और एक ही दिन मनाए जाने के आसार हैं। ऐसे में लोगों के उत्साह में कोई खलल न हो, किसी तरह का कोई हादसा न हो, कोई भी असामाजिक तत्व किसी तरह की कोई अफवाह फैलाकर शांति भंग न करे, इसके लिए रांची पुलिस अलर्ट मोड पर है।

राजधानी में 2000 से ज्यादा फोर्स की तैनाती की जाएगी। संवेदनशील स्थानों पर मजिस्ट्रेट के साथ अतिरिक्त फोर्स भी तैनात करने की योजना है। सभी थाना प्रभारी को निर्देश दिया गया है कि वे अपने-अपने क्षेत्र में शांति समिति की बैठक कर लोगों को मेल जोल के साथ त्योहार मनाने की अपील करें। पूर्व की घटनाओं को लेकर असामाजिक तत्वों की सूची बनाकर उन्हें 107 के तहत नोटिस देने का निर्देश भी दिया गया है।

### टेक्निकल टीम का काम ज्यादा होगा : एसएसपी

एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि चुनाव का समय है, ऐसे में पुलिस मुख्यालय के अलावा रांची में भी फोर्स की काफी कमी है। शांतिपूर्ण तरीके से दोनों पर्व को संपन्न कराने के लिए इस बार टेक्निकल टीम की बहुत ज्यादा मदद ली जाएगी। सभी संवेदनशील और भीड़ वाले जगहों पर ड्रोन कैमरे तैनात किए जाएंगे। भीड़ वाले स्थानों पर जहां सीसीटीवी कैमरे नहीं लगे हैं। वहां कैमरे लगाने की हिदायत दी गई है ताकि कंट्रोल रूम में बैठी टीम हर तरफ निगरानी कर सके।

**सिविल ड्रेस में रहेगा बाइक दस्ता :** एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि ईद और सरहुल के लिए पुलिस का एक बाइक दस्ता तैयार किया गया है। बाइक दस्ते में पुलिस के जवान सादे लिबास में रहेंगे।

# रांची कमिश्नर और डीआइजी ने खूंटी में बूथों का किया दौरा, चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की

खबर मन्त्र संवाददाता

**खूंटी।** आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर शुक्रवार को रांची कमिश्नर और डीआईजी अनूप बिरथरे खूंटी पहुंचे। दोनों अधिकारियों ने यहां पर जिले के उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी और पुलिस अधीक्षक और अन्य पदाधिकारी के साथ लोकसभा चुनाव को लेकर समीक्षा बैठक की। इसके बाद कमिश्नर और डीआईजी ने खूंटी में बूथों का दौरा भी किया। इस दौरान दोनों अधिकारियों ने मौके पर उपस्थित डीसी एसपी समेत अन्य पदाधिकारी को कई दिशा निर्देश दिये।

### भयमुक्त, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव का निर्देश

पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान कमिश्नर और डीआईजी ने लोकसभा चुनाव तैयारी की समीक्षा करते हुए भयमुक्त निष्पक्ष व शांतिपूर्ण चुनाव कराने के लिए निर्देश दिए। डीआईजी ने अब तक 107 की कार्रवाई, नोटिस तामिला, वारंटों का निष्पादन, सीसीए, सीआरपीसी की धारा 110 के तहत हुई कार्रवाई व लाइसेंसी शस्त्रों के सत्यापन कार्यो की समीक्षा की। डीआईजी ने अब तक की कार्रवाई पर संतोष व्यक्त करते हुए कुछ बिन्दुओं पर सुधार की आवश्यकता बतायी। डीआईजी द्वारा जारी आवश्यक निर्देशों में लंबित वारंटों व एनवीडब्ल्यू के निष्पादन में तेजी लाए। चुनाव में उपद्रवी तत्वों की पहचान कर उनके विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई करें। निरोधात्मक कार्रवाई के बावजूद अपनी हरकत में सुधार न लाने वाले लोगों के विरुद्ध सीआरपीसी धारा-110 के तहत कार्रवाई का निर्देश दिया। साथ ही आपराधिक चरित्र वालों के विरुद्ध सीसीए के तहत प्रस्ताव भेजने व धारा 3 के तहत कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

## पिछड़ों के बड़े नेता थे लालचंद : राजेश

**रांची।** झारखंड के पूर्व ऊर्जा मंत्री लालचंद महतो के निधन पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने शोक व्यक्त करते हुए अपनी भावभीनीं श्रद्धांजलि अर्पित की है। उन्होंने इस विषम परिस्थिति को सहने की शक्ति परिवार को देने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की है। लालचंद महतो के निधन को झारखंड के लिए अपूरणीय क्षति बताते हुए उन्होंने कहा कि स्वर्गीय महतो एक जुझारू प्रवृत्ति के संघर्षील व्यक्ति थे। उन्होंने जिस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया उसके विकास के लिए अनवरत प्रयासरत रहते थे। वे स्वभाविक रूप से झारखंड में पिछड़ों के बड़े नेता थे और पिछड़ी जाति के हक- हूकूक के लिए निरंतर संघर्ष करते रहे।

# अभिषेक प्रसाद पिंटू के समर्थन में उतरा झामुमो कहा- तोड़-मरोड़ कर बयान पेश कर रही है भाजपा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झामुमो पूर्व सीएम के प्रेस सलाहकार और पार्टी नेता अभिषेक प्रसाद पिंटू के समर्थन में कूद गया है। पार्टी ने पिंटू द्वारा दिए गए बयान को भाजपा पर तोड़-मरोड़ कर पेश करने का आरोप लगाया है। पार्टी की ओर जारी बयान में मीडिया को भी निशाना बनाया गया। पार्टी की ओर से कहा गया कि कहा कि इस प्रकरण में लोग खुद जज, ज्यूरी और जल्लाद की भूमिका में आ गए हैं। केस का पूरा ओर-छोर जाने बिना पिंटू के बयान के अंश को तोड़-मरोड़ कर एजेंडा को साध रहे हैं। लोग उनके बयान का अनर्गल मतलब निकाल रहे हैं।

### क्या है मामला

ये पूरा मामला ईडी द्वारा दाखिल चार्जशीट से जुड़ा है। 30 मार्च को ईडी ने जमीन घोटाला केस में चार्जशीट दाखिल की है। इसमें हेमंत सोरेन सहित कुल पांच लोगों को आरोपी बनाया गया है। इसी चार्जशीट में हेमंत सोरेन के पूर्व प्रेस सलाहकार अभिषेक पिंटू का भी बयान है। बकौल ईडी, अभिषेक पिंटू ने बताया कि उसने हेमंत सोरेन के कहने पर सीएमओ के अधिकारी उदय शंकर को बड़गाईं में 8.86 एकड़ जमीन का सत्यापन कराने का निर्देश दिया था। साथ ही उसने दो और जमीनों का सत्यापन कराने को कहा था, जो हेमंत सोरेन और उनके परिवार से जुड़ी है। इसी केस को लेकर राजनीतिक गलियारों से लेकर मीडिया और आम लोगों में भी चर्चा तेज है कि हेमंत सोरेन के खिलाफ उनके सबसे करीबी व्यक्ति ने ही बयान दिया।

**अभिषेक ने कभी नहीं कहा कि जमीन हेमंत की है :** झामुमो का कहना है कि अभिषेक के बयान में कहीं भी ये नहीं लिखा है कि बड़गाईं अंचल की जमीन हेमंत सोरेन की है। पाहन लोग जो जमीन के मालिक हैं, जो भुईहर हैं उनका कहना है कि जमीन उनकी है। वे ही दखलकार हैं। केस लंबित होने के बावजूद मीडिया केस से संबंधित भ्रामक पक्ष फैला रहा है, जो अनुचित है। झामुमो का कहना है कि मुख्यमंत्री कार्यालय में जमीन विवाद के सैकड़ों आवेदन हर माह आते हैं। ऐसे में किसी जमीन का सत्यापन करने को कहने मात्र से जमीन उसका नहीं हो जाता है।

# विधानसभा परिसर में लालचंद महतो को दी गयी श्रद्धांजलि



**रांची।** झारखंड गठन के उपरांत राज्य के प्रथम ऊर्जा मंत्री, डुमरी विधानसभा क्षेत्र से तीन बार विधायक रहे लालचंद महतो का पार्थिव शरीर शुक्रवार को अंतिम दर्शन के लिए विधानसभा में लाया गया। स्पीकर रबींद्रनाथ महतो, विधानसभा के प्रभारी सचिव सैयद जावेद हैदर सहित अन्य लोगों ने उनके पार्थिक शरीर का अंतिम दर्शन किया एवं पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई।

## ओबीसी मोर्चा ने लालचंद महतो की दी श्रद्धांजलि

**रांची।** राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के अशोक कुमार कुशवाहा ने कहा कि लालचंद महतो पिछड़ा वर्ग संघर्ष मोर्चा के संस्थापक अध्यक्ष थे। उनके निधन से समुदाय को क्षति हुई है। राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के अजय मेहता ने कहा कि उम्र से भले ही वो वृद्ध थे लेकिन उनका जीवन ऊर्जा से भरा था। श्रद्धांजलि देने वालों में एसएन सिंह कुशवाहा, दिलीप वर्मा, शिव प्रसाद साहू, विष्णु कुमार, राम लखन साहू, मोहम्मद जुनेद, शुभम विश्वकर्मा, वसीम अकरम, विनय आदि हैं।

# गांजा कारोबार : रांची पुलिस की कार्रवाई, तीन गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर पूरे क्षेत्र में विधि-व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने में रांची पुलिस जुटी है। लगातार अवैध शराब, हथियार और मादक पदार्थ की बरामदगी के अभियान के तहत एसएसपी के निर्देश पर कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए राजधानी रांची के सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के अलग-अलग जगहों पर छापेमारी कर गांजा के कारोबार का खुलासा किया है। इस मामले में पुलिस ने सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के देवी मंडप के रहने वाले राजकुमार सिंह, धीरज कुमार सिंह और खादगढ़ा मिलन चौक का रहने वाले अनिल साव को गिरफ्तार किया है। इनके पास से पुलिस ने छोटे-छोटे पुड़िया में करीब आधा किलो गांजा और दो पुड़िया ब्राउन शुगर बरामद किया है। साथ की वेटिंग मशीन भी पुलिस ने बरामद किया है।

# सीसीएल का नया लोगो और टैगलाइन जारी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड ने अपना नया लोगो और टैगलाइन जारी किया है। यह लोगो कंपनी कोयला उत्पादन के साथ साथ सस्टेनेबल माइनिंग को प्रदर्शित कर रहा है। यह कंपनी का आधिकारिक टैगलाइन होगा। यह लोगो कॉरपोरेट कम्युनिकेशंस और पब्लिक रिलेशंस डिपार्टमेंट द्वारा इनहाउस डिजाइन किया गया है। विभागाध्यक्ष (सीसी और पीआर) आलोक कुमार ने बताया कि आज से सभी आधिकारिक कार्यों के लिए यह लोगों प्रयोग में लाया जाएगा।

CCL Tagline Fuelling Sustainable Growth

ज्ञात हो कि पिछले वित्तीय वर्ष में सीसीएल ने कीर्तिमान रचते हुए रिकॉर्ड 86.1 मिलियन टन कोयले का उत्पादन किया था। कंपनी ने अपने निर्धारित लक्ष्य 84 मिलियन टन को पार करते हुए देश के ऊर्जा सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

## कांग्रेसियों ने जगजीवन राम की मनायी जयंती

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी की ओर से शुक्रवार को वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व उप प्रधानमंत्री स्व. जगजीवन राम की जयंती कांग्रेस भवन में मनाई गयी। इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर वक्ताओं ने बाबू जगजीवन राम को कुशल प्रशासक, श्रेष्ठ राजनयिक एवं स्पष्टवादी नेता बताया। वक्ताओं ने कहा कि बाबू जगजीवन राम दलितों और पीड़ितों के संघर्ष को नया आयाम दिया। वक्ताओं ने इस अवसर पर उनकी जीवनी पर चर्चा करते हुए कहा कि वह अपनी विद्वता एवं सूझ-बूझ से जिस मंत्रालय का प्रभार संभाला, वह मंत्रालय प्रभावी साबित हुआ। जगजीवन बाबू कठिन विषय या मुद्दे पर सटीक निर्णय लेते थे तथा संसदीय प्रणाली में अपनी भूमिका से उसे एक मर्यादित दिशा देते थे।

# गैंगरस्टर अमन श्रीवास्तव के खिलाफ चार्जशीट दाखिल

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव के साथ उसके सहयोगी खलारी निवासी इजाज अंसारी, मिंकु खान समेत सात पर आपराधिक साजिश रचकर 49.84 लाख रुपये रंगदारी वसूलने समेत अन्य आरोपों में आरोप तय कर दिया गया है। एटीएस की विशेष अदालत ने आरोप गठन के बिन्दु पर सुनवाई के दौरान सभी आरोपियों से उसके ऊपर लगे आरोपों के बारे में पूछा। सभी आरोपियों ने मामले में अपने आप को निर्दोष बताया। साथ ही आगे मामले में ट्रायल फेस करने की बात कही। अदालत ने सातों आरोपियों पर आरोप तय किया। साथ ही, एटीएस को आरोपियों के ऊपर लगे आरोप को साबित करने के लिए 10 अप्रैल की तारीख निर्धारित की है।


**क्या है मामला :** एटीएस टीम ने रंगदारी वसूली के मामले में एजाज अंसारी को 20 जुलाई 2023 को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के समय उसके पास से 49.84 लाख रुपए जब्त किया गया था। उसकी गिरफ्तारी पतरातू-पिठोरिया साइड से हुई थी। वह अमन श्रीवास्तव के निर्देश पर कारोबारी से रंगदारी वसूल कर वाहन से जा रहा था। उसके साथ मिंकु खान को भी दबोचा गया था।

पूछताछ करने पर आरोपियों ने बताया कि उक्त राशि जहीर अंसारी, फिरोज खान और रवि सरदार के निर्देश पर उसके सहयोगी सुरेंद्र भुइयां द्वारा उन्हें दी गई थी। यह राशि अमन श्रीवास्तव गिरोह द्वारा विभिन्न व्यापारियों से रंगदारी के रूप में एकत्र की गई थी।

## गुरुग्राम में पकड़ा गया किडनी रैकेट का सरगना, बंगाल से बांगलादेश तक बना रखा है एजेंट

# किडनी ट्रांसप्लांट का सरगना निकला रांची का मो. मुर्तजा

### बंगाल, दिल्ली एनसीआर और बांगलादेश में गिरोह की सक्रियता सवाधिक



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रांची का मो. मुर्तजा अंसारी गुरुग्राम में पकड़े गये किडनी रैकेट का सरगना है। किडनी ट्रांसप्लांट का यह गोरखधंधा वह कई सालों से चला रहा था। पुलिस के अनुसार आरोपी सरगना फेसबुक सहित अन्य सोशल साईट पर किडनी प्रत्यारोपण का विज्ञापन देखकर बंगलादेश के नागरिकों को रुपये का लालच देकर फंसाता है।

बंगाल, दिल्ली एनसीआर और बांगलादेश में सबसे अधिक गिरोह की सक्रियता है। जगह-जगह एजेंट बना रखा है। जो किडनी लेने-देने वालों के पास पहुंचता है। सरगना मो. मुर्तजा अंसारी किडनी ट्रांसप्लांट करवा चुके लोगों और डोनर के संपर्क में रहता है। सोशल मीडिया के अलावा उनकी मदद से भी उसे नए डोनर और मरीज मिलते। उसकार जयपुर के फोर्टिस अस्पताल में गहरी पैठ थी। किडनी डोनर की जरूरत होने पर मरीज को दो से तीन दिन में उपलब्ध करवा देता था।

### सीएम फ्लाइंग और स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गुड़गांव में किडनी रैकेट का किया था भंडाफोड़

सूचना मिली थी कि गुड़गांव में एक होटल के जरिए किडनी प्रत्यारोपण रैकेट चल रहा है। सूचना पर सीएम फ्लाइंग और स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गुरुवार को राजस्थान के जयपुर में चलाये जा रहे किडनी रैकेट का गुड़गांव में भंडाफोड़ किया। गुड़गांव के सेक्टर -39 के बाबिल पाला होटल में छापेमारी में बंगलादेशी नागरिक मो. शमीम नामक युवक मिला जिसकी किडनी जयपुर फोर्टिस अस्पताल में निकाली गयी थी। टीम ने यहां ठहराये गये किडनी ट्रांसप्लांट कराने वाले चार मरीजों को पकड़ा। शमीम ने पूछताछ में बताया कि फेसबुक पर किडनी प्रत्यारोपण का विज्ञापन देखकर उसने झारखंड के रांची निवासी मोहम्मद मुर्तजा अंसारी नामक एजेंट से संपर्क किया। जिसने बांगलादेश की करेंसी के मुताबिक उसे चार लाख टका दिया। राशि लेकर उसने किडनी देने की डील फाइनल की। एजेंट ने ही उसके फिंगरप्रिंट लेकर उसका फर्जी पासपोर्ट बनवाया और करीब 2 महीने पहले भारत भेज दिया। यहां उसका फोर्टिस अस्पताल जयपुर में ऑपरेशन किया गया और कुछ दिन पहले ही उसे गुड़गांव में शिफ्ट किया गया। पुलिस ने रैकेट संचालक सहित अन्य के खिलाफ जांच कर रही है।

**दस लाख की रकम वसूलता था :** डोनर उपलब्ध कराने के लिए वह दस लाख रुपये लेता, जबकि किडनी डोनेट करने वालों को चार लाख रुपये देता था। ट्रांसप्लांट के लिए अंसारी फर्जी दस्तावेज भी तैयार करवाता था। किडनी लेने-देने से जुड़े फेसबुक पर दस से ज्यादा पेज हैं। उन पेजों पर मैसेज करने पर एजेंट संपर्क करता है। बांगलादेश के लोगों को कोलकाता के मेडिकल वीजा पर भारत लाया जाता था।

## स्त्री दो कुल को करती है पवित्र: आचार्य दीनानाथ



रांची। बरियातू में चल रहे भगवत कथा में आचार्य दीनानाथ शरण महाराज ने शुक्रवार को भागवत कथा में कहा कि देशी गायों का दुध पीना चाहिए, विदेशी नस्ल की गायों का दुध कैंसर देता है। भारत गायों और माइयों का देश है, यहां के बेटी पिता और पति दोनों कुल को पवित्र करती है और गायों का दुध, गोबर, गोमूत्र औषधीय है, इनकी रक्षा करनी चाहिए। यह माता पिता और गो के दुध की विशेषता रही है। आज सुदामा चरित्र की कथा और झांकी के साथ कथा विश्राम लेगी। यह जानकारी प रामदेव पाण्डेय ने दी।

# प्रोजेक्ट इंपैक्ट के साथ प्रयास के कार्यक्रम सभी विद्यालयों में होंगे लागू : प्रीति

## जिला शिक्षा पदाधिकारी विनय कुमार ने चुनाव को लेकर बूथ वाले विद्यालयों में सभी आवश्यक सुविधा बहाल करने का दिया निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

रांची। जिला स्कूल स्थित सभागार में शुक्रवार को प्रोजेक्ट इंपैक्ट एनईपी तथा प्रयास कार्यक्रम के संयुक्त नवाचार को सभी विद्यालयों में लागू करने के लिए बीआरपी सीआरपी का एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस मौके पर जिले के सभी सीआरपी बीआरपी को विद्यालयों में संपूर्ण सुविधाओं के साथ बच्चों के व्यवहार तथा विद्यालय परिसर के वातावरण में परिवर्तन लाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ जेसीईई आरटी की राज्य स्तरीय रिसोर्स ग्रुप की सदस्य प्रीति मिश्रा, जिला शिक्षा पदाधिकारी सह जिला कार्यक्रम पदाधिकारी विनय कुमार, एडीपीओ कौशल किशोर ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर प्रीति मिश्रा ने बताया कि कोडरमा में तत्कालीन उपायुक्त के द्वारा जिले में लागू की गई प्रोजेक्ट इंपैक्ट का व्यापक प्रभाव विद्यालयों के वातावरण, बच्चों के व्यवहार तथा शैक्षणिक स्तर में व्यापक सुधार देखा गया। प्रोजेक्ट इंपैक्ट की सफलता को लेकर अब 1-12 तक चलने वाली सभी विद्यालयों में इसे लागू करने के लिए काम करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने प्रोजेक्ट इंपैक्ट की अवधारणा एवं हाउस के निर्माण एवं क्रियान्वन के संदर्भ में विस्तृत रूप से बताया। उन्होंने बताया कि प्रत्येक विद्यालयों में प्रयास के एसओपी के अनुसार हाउस का निर्माण करने की आवश्यकता है। प्रत्येक विद्यालय में चार




हाउस का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने बाल संसद के गठन करने, विद्यालयों में इको क्लब जैसे अलग अलग क्लबों का गठन करने के संदर्भ में आवश्यक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हाउस के माध्यम से विद्यालयों में अलग-अलग गतिविधियां कराना, प्रत्येक महीने विद्यालयों में गठित चारों हाउस के नोटिस बोर्ड में कंटेंट को बच्चों के द्वारा सुसज्जित करना बच्चों के द्वारा प्रार्थना सभा के लिए खुद से पंक्तिबद्ध होना। हाउस कैप्टन के द्वारा अपने-अपने हाउस का ध्वज लगाना और अपने हाउस के छात्र-छात्राओं का ध्यान रखने की जरूरत होगी। हाउस कप्तान एवं हाउस सदस्यों के द्वारा प्रार्थना सभा हेतु प्रधानाध्यापक एवं शिक्षकों को आमंत्रित किया जाना है। प्रार्थना सभा में बच्चों के द्वारा प्रतिदिन राज्य स्तर या डाइट स्तर से प्रेषित किए जाने वाले समाचार को पढ़ा जाएगा ।

प्रार्थना सभा में बच्चों के द्वारा सामान्य ज्ञान के प्रश्न के पूछने के तौर-तरीकों के संदर्भ में भी विशेष जानकारी दी गई। वहीं दूसरी ओर जिला शिक्षा पदाधिकारी विनय कुमार ने लोकसभा चुनाव को लेकर बूथों वाले विद्यालय में सभी आवश्यक सुविधा बहाल करने का सीआरपी बीआरपी को दिया निर्देश। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस मौके पर एडीपीओ कौशल किशोर के साथ साथ सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी निशि प्रभा ने कार्यक्रम का संचालन किया।

कार्यक्रम के दौरान सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी प्रभा सहाय, सुधा रानी, विद्यालय के प्रधान शिक्षक नसीम अहमद तथा प्रताप कुमार सहित आशीष कुमार ने केंद्र एवं राज्य सरकार के साथ-साथ झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के द्वारा चलाई जा रही कार्यक्रमों की जानकारी दी । इस मौके पर बीआरपी कृष्णा प्रसाद, शाहीन अख्तर, रीना कुमारी, रुबाना परवीन, सीआरपी सुनील कुमार गुप्ता, अजीत कुमार सिंह, मंटु कुमार साहु, विजय रंजन पाठक, संदीप मौजूद थे।

# 2.70 करोड़ मूल्य के डोडा के साथ छह गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

रांची। रांची पुलिस ने 2.70 करोड़ के डोडा के साथ छह लोगों को गिरफ्तार किया है। शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस करके एसएसपी चंदन सिन्हा ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि एक बड़े कंटेनर में भरकर डोडा की एक बड़ी खेप खूंटी से निकलकर रांची के रास्ते राजस्थान भेजा जाने वाला है। जिसके बाद पुलिस की टीम खूंटी से रांची आने वाले सभी रास्तों पर चेक नाका लगाकर कंटेनर की तलाश में जुट गए। इसी बीच खूंटी नामकुम हाईवे पर राजस्थान नंबर का एक कंटेनर पुलिस को आता दिखाई दिया, जिसे पुलिस में रोक लिया। कंटेनर के ठीक पीछे एक अन्य वाहन में कुछ लोग बैठकर पुलिस की कार्रवाई देख रहे थे। पुलिस जब उनके नजदीक जाने लगी तो वे लोग भागने की कोशिश करने लगे। लेकिन मौके पर मौजूद पुलिस के जवानों ने वाहन में मौजूद सभी लोगों को पकड़ गए चारों



राजस्थान के तस्कर हैं, जो खूंटी से अफीम डोडा खरीद कर राजस्थान ले जा रहे थे। पुलिस ने कंटेनर से 1589 किलो डोडा बरामद किया। जिसकी कीमत बाजार में 2.70 करोड़ रूपया आंकी गई है। इस मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए राजस्थान का रहने वाले सतबीर सिंह, रमेश विशनोई, उत्तरप्रदेश का रहने वाले ताहीर, रांची का रहने वाले प्रवीण मुंडा, सोमा मुंडा और खूंटी का रहने वाले लूसा पाहन को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों के पास से पुलिस ने 11.50 लाख रूपया, एक कार और एक बाइक समेत कई अन्य सामान बरामद किया है।

## कैरलि स्कूल में 'द्रोणाचार्य स्कूल लीग' के अंतर्गत 'इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट' का भव्य आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



रांची। धुर्वा स्थित कैरलि स्कूल में 'द्रोणाचार्य स्कूल लीग' में 21 विद्यालयों के शिक्षक एवं गैर- शिक्षक कर्मचारियों के लिए 'इंटर स्कूल क्रिकेट टूनामेंट' का आयोजन शुक्रवार को किया गया है। इस आयोजन का एक उद्देश्य है 'खेल के माध्यम से शिक्षकों को एकजुट करना'। साथ ही शिक्षकों को और उनके साथ कार्य करने वाले गैर शिक्षक कर्मचारियों को एक पटल पर लाना और उनमें समरसता और आपसी सौहार्द कायम करना है। राजधानी में इस तरह का आयोजन पहली बार हो रहा है। शुक्रवार को कैरलि स्कूल के सभागार में टूनमिंट में भाग ले रहे सभी विद्यालयों के कप्तानों को आमंत्रित किया गया है ' जिसमें उन्हें टूनार्मेंट के सारे नियमावलियों से अवगत कराया जाएगा। कप्तानों को इस विशेष बैठक में आमंत्रित कर टूनार्मेंट का एक फिक्सचर तैयार किया जाएगा और लौटरी के माध्यम से खेल की निष्पक्षता को बरकरार रखा जाएगा ।

# भूमिदेवी के मध्यस्थ हरि श्रीनिवास का मंगलोत्सव मना



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

रांची। शुक्रवार को चैत्र कृष्ण पक्ष की पाप मोचनी एकादशी व्रत को लेकर तिरूपति बालाजीद्ध मंदिर में प्रातः के समय सनातन परमात्मा ब्रम्हाण्ड नायक का विश्वरूप दर्शन हुआ। इसके बाद सुप्रभातम एकरावलंबम मंगलाशासनम वेंकटेश प्रपत्ति इत्यादि के बाद तिरुवाराधन हुआ। फिर सुश्राव्य वेदध्वनियों के उच्चारण पूर्वक दूध, दही, हल्दी अनुलेपनम, चंदन, शहद, नारियल डाभयुक्त जल एवं गंगा जल से अलग-अलग उपचार पूर्वक महाभिषेक कराया। तदन्तर सद्भूषणों से सुसज्जित करके फूलराशियों से भव्यातिभव्य श्रृंगार निवेदन किया। घंटानाद के बीच श्रीभगवान दंपति को बालभोग में फलाहारी व्यंजनों का नैवेद्य भोग लगा। महाभिषेक के यजमान संजय- सुनीता चौधरी थे। जबकि पुष्प श्रृंगार निवेदन किया अमरेश कुमार- उषा गुप्ता थे। अर्चक सत्यनारायण गौतम और नारायण दास ने मिलकर दिन भर के अनुष्ठान को विधिवत संपन्न कराया। रामअवतार नारसरिया, राजेश सुल्तानिया प्रदीप नारसरिया, रंजन सिंह, गौरीशंकर साबू, प्रभाष मित्तल, शम्भू नाथ पोद्दार, सीता शर्मा यशोदा देवी, छाया दुवे के अतिरिक्त भारी संख्या में भक्तों ने पूजा अर्चना करायी।

## डीपीएस में स्प्रिंग कैंप का समापन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



रांची। रचनात्मकता और प्रतिभा के जीवंत प्रदर्शन में, तीसरी से नवमीं एवं ग्यारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए डीपीएस में आयोजित स्प्रिंग कैंप ऊर्जा - अवेकन द प्रोडिजी विदइन का समापन शुक्रवार को किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश दीपक रोशन थे। बच्चों को विभिन्न विषयों में अपनी प्रतिभा तलाशने और प्रदर्शन करने के लिए एक मंच प्रदान करने पर ध्यान देने के साथ स्प्रिंग कैंप का आयोजन किया गया था। छात्रों को पेंटिंग, योग, नृत्य, संगीत, वाद्ययंत्र, क्विज, रोबोटिक्स, सॉफ्ट स्किल्स, फोटोग्राफी, काउंसलिंग, कंप्यूटर, कराटे और विभिन्न प्रकार के इनडोर और आउटडोर गेम्स सहित कई गतिविधियों में शामिल होने का अवसर मिला। इस कैंप के प्रत्येक गतिविधि के शीर्ष 03 उत्कृष्ट प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह और मेरिट सर्टिफिकेट से सम्मानित किया गया, जबकि प्रत्येक प्रतिभागी को स्मृति चिन्ह और पार्टिसिपेशन सर्टिफिकेट दिया गया। मौके पर जेईई मेन क्वालीफायर जिन्होंने 99 परसेंटाइल से अधिक अंक प्राप्त किया,उन्हें भी सम्मानित किया गया। डीपीएस के प्राचार्य डॉ. राम सिंह ने छात्रों की उपलब्धियों पर गर्व व्यक्त किया और माता-पिता को अपने बच्चों की भागीदारी और विकास को प्रोत्साहित करने में उनके अटूट समर्थन के लिए धन्यवाद दिया।

# संत जेवियर्स कॉलेज रांची में शोध क्रियाविधि कार्यशाला का आयोजन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

रांची। संत जेवियर्स कॉलेज के फादर प्रूस्ट हॉल में इंटरनेशनल बेनेवोलेंट रिसर्च फाउंडेशन (आईबीआरएफ) व आईक्यूएसी संत जेवियर्स कॉलेज रांची के संयुक्त तत्वधान में शुक्रवार को शोध क्रियाविधि पर तीन दिवसीय कार्यशाला का शुभारम्भ किया गया। इस शोध कार्यशाला का उद्घाटन प्राचार्य डॉ. फादर नाबोर लकड़ा ने किया। मौके पर डॉ. अर्नेश गुहा ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि शोध के करने के लिए हमें मूल बातें और कितने प्रकार से शोध किये जाते हैं। इसकी जानकारी होना आवश्यक है। उन्होंने सामाजिक शोध करने के प्रकार और उसके विविध आयामों पर भी प्रतिभागियों को समझाया।

डॉ. प्रभात केनेडी सोरेंग ने बताया कि नयी पीढ़ी के स्कोलर्स को शोध की प्रक्रिया, नियम व शर्तें से अनभिज्ञ रहते हैं। इसके कारण से डॉक्टरेट करने में कई प्रकार के कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। उन्हें कॉपीराइट जैसे विषयों से खुद को बचाना चाहिए। कार्यशाला में बिहार, बंगाल, झारखण्ड व ओड़िशा से करीब 100 प्रतिभागीयों ने भाग लिया।

मौके पर आईक्यूएसी संयोजक डॉ. शिव कुमार, बीएड विभागाध्यक्ष डॉ. फादर फ्लोरेंस पूर्ती, अन्य प्राध्यापकगण व रिसर्च स्कोलर्स व स्नातकोत्तर विभाग के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। वनस्पति शास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ. अजय श्रीवास्तव ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

## आजसू ने वीसी को सौंपा ज्ञापन



रांची। अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) ने शुक्रवार को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के कुलपति को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में वोकेशनल विभाग की नई बिल्डिंग की मरमत्ती एवं संबंधित अधिकारी, ठिकेदार के उपर करवाई करने के संबध में दी गई। ज्ञापन सौंपने में मुख्य रूप से सूर्य प्रकाश शुक्ला, आनंद कुमार,,अविनाश सिंह, बबलू मंडल, सर्वेश कुमार, मुन्ना कुमार ,आयुष गुप्ता, राजदीप, निखिल, राकेश कुमार, राकेश कुमार, इत्यादि उपस्थित थे।

# बीआइटी मेसरा में थर्मो-फ्लूड्स और सिस्टम डिजाइन पर शोध पत्र प्रस्तुत

**खबर मन्त्र संवाददाता**


रांची। बीआटी मेसरा के यांत्रिकी अभियांत्रिकी विभाग में देश-विदेश के शोधार्थी, प्रोफेसर एवं वैज्ञानिकों ने शुक्रवार को थर्मो-फ्लूड्स और सिस्टम डिजाइन पर शोध पत्र प्रस्तुत किया। संस्थान के कुलपति डॉ इंद्रनील मन्ना ने सम्मेलन में आये आइआइटी खड़गपुर के प्रोफेसर डॉ पीपी बंदोपाध्याय, डॉ जीवन ज्योति चक्रवर्ती एवं साउथ हम्पटन विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ तन्मय मुखौपाध्याय को धन्यवाद दिया। आइआईटी खड़गपुर के प्रोफेसर डॉ जीवन ज्योति चक्रवर्ती ने एनसिस, कोनसोल, पाइथन का विस्तृत उपयोग छात्रों के बीच प्रस्तुत किया। सम्मेलन के संयोजक डॉ लखबीर सिंह बराड़, डॉ ओम प्रकाश एवं आयोजक सचिव डॉ



अरकादेब मुखोपाध्याय, डॉ सौरव चक्रवर्ती और डॉ सुशांत घोकू ने बताया कि शोध पत्र विभिन्न क्षेत्र के हैं, जो वैज्ञानिक दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण हैं। ये शोध उच्च कोटि के लेख संकलन में प्रकाशित किए जाएंगे। कार्यक्रम में संस्थान के यांत्रिकी अभियांत्रिकी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ अपूर्वा कुमार राय, एवं डॉ आरपी शर्मा तथा डॉ अरविंद, यांत्रिकी अभियांत्रिकी विभाग के सभी प्रोफेसर, शोध छात्र, सनातकोत्तर छात्र मौजूद थे।

## श्री श्याम मंदिर में पापमोचनी एकादशी के मौके पर कार्यक्रम का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



रांची। श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा निर्मित व संचालित हरमू रोड श्री श्याम मंदिर में पापमोचनी एकादशी के अवसर पर शुक्रवार को विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन भक्तिमय वातावरण में हुआ। एकादशी के अवसर पर प्रातः से ही मंदिर में भारी संख्या में भक्तजन पधारने लगे थे। फूलों से श्रृंगार करके प्रातः 8:30 बजे श्रृंगार आरती की गई दोपहर 12:30 बजे मंदिर पट लगा करके खाटू नरेश रिद्धि सिद्धि शिव परिवार हनुमान जी लड्डू गोपाल जी शालिग्राम जी गरुड़ जी गुरुजनों व प्राचीन तैल चित्रों का कोलकाता से मंगाए गए विशेष फूलों तथा लाल गुलाब रजनीगंधा मुरूगन पीला गेंदा लाल गेंदा तुलसीदल की मोटी मोटी फूल मालाओं से मंदिर के सभी गर्भ ग्रह को सजाया गया। इसके पहले खाटू नरेश को नवीन बागा (पोशाक) पहनाकर गुलाब के विशेष रूह से बाबा श्याम का मसाज किया गया। मंदिर के आचार्य की टोली ने सभी गर्भ ग्रह को अनुपम रूप से सजाया गया। श्री श्याम मित्र मंडल के प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि पापमोचनी एकादशी के अवसर पर द्वितीय विशेष श्रृंगार का दर्शन करने पट खुलते ही बड़ी संख्या में भक्तों ने अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। श्री श्याम मंदिर में सैकड़ो भक्तों की उपस्थिति में रात्रि 9:30 बजे से पापमोचनी एकादशी का मुख्य कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। ये जानकारी मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने दी।

# सनातन महापंचायत ने राम भक्तों से घरों में राम झंडा लगाने का किया आह्वान

## श्री सनातन महापंचायत की बैठक में किया गया कमीटी का विस्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

रांची। श्री सनातन महापंचायत की बैठक शुक्रवार को प्रेस क्लब के सभागार मे हुई। बैठक में मुख्य रूप से कमीटी का विस्तार एवं रामनवमी महोत्सव को सफल बनाने का संकल्प लिया गया। इस बैठक में रांची महावीर मंडल, चैती दुर्गा पुजा समिति,राची के विभिन्न आखाडो के प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में शहर के बुद्धिजीवी, मातृशक्ति, युवा सहित कई रामभक्तों ने अपने सुझाव रखे । बैठक की अध्यक्षता करते हुए श्री सनातन



महापंचायत के मुख्य संयोजक ललित नारायण ओझा ने राम भक्तों से अहवान किया कि अपने-अपने घरों में राम झंडे लगाए। उन्होंने कहा कि अस्त्र शस्त्र चलन प्रतियोगिता विलुप्त होते जा रहा है। जिसे बचाने की जरूरत है। इस मौके पर कमेटी का विस्तार किया गया जिसमे मुख्य संरक्षक डॉ आशा लकड़ा संजय सेठ सी पी सिंह नवीन जायसवाल समरी लाल, संरक्षक संजय कुमार जयसवाल,कृपा शंकर सिंह, मुकेश पांडे, रामधन वर्मन, अशोक पुरोहित ,रमेश सिंह ,शैलेशवर दयाल सिंह,राकेश सिंह , रिषी साहदेव, सुजीत सिंह ,मुख्य संयोजक ललीत नारायण ओझा वरिष्ठ संयोजक संजय मिनोचा ,शशांक राज, संयोजक अनिल राम ,संजीव चौधरी, राजेश प्रसाद, राहुल चौधरी,महीला विंग नितु सिंह पूनम सिंह कुमुद झा,युवा समन्वय संजय महतो, बबन बैठा ,चन्दन प्रजापति, शुभम जयसवाल, रौनक चौधरी,कला संयोजक आशुतोष दिवेदी,सरना सनातन समन्वय नकुल तिर्की,मीडिया विंग अमीत चौधरी राहुल कुमार दुबे,कार्यालय प्रभारी शिव किशोर शर्मा,राची महानगर संयोजक युवराज पासवान सह संयोजक सत्यजीत कुमार,संजीत सिंह, सुभाष साहु, राहुल सिन्हा चंकी राना, रणधीर रजक ,ग्रामीण समन्वय महेश महतो सोनु, राजकिशोर साहु,सोशल मीडिया प्रभारी मेहुल प्रसाद , मंटू दुबे को रखा गया है। मौके पर श्री सनातन महापंचायत ने सभी संगठनो के प्रतिनिधियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया ।

## लालचंद महतो का निधन बड़ी क्षति : राजेन्द्र प्रसाद

रांची। झारखण्ड सरकार के पूर्व मंत्री सह मूलवासी सदान मोर्चा के संरक्षक लालचंद महतो के आकस्मिक निधन पर मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने गहरा दुख व्यक्त किया है और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। उन्होंने कहा कि ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि इस दुःख को सहन करने की शक्ति उनके परिवार और उनके शुभचिंतकों को दें। लालचंद महतो गरीब गुरुवा और पिछड़ों के आवाज थे। वे हमेशा पिछड़ों के अधिकार के लिए मुखर रहे। उन्होंने कहा कि उन्कें निधन से झारखण्ड को अपूर्णीय क्षति हुई है।

स्पीड न्यूज

### मस्जिदों में अदा की गई अलविदा जुमे की नमाज

**अनगड़ा।** रमजान की आखरी जुम्मा शुक्रवार को प्रखंड के विभिन्न मस्जिदों में अलबेदा जुम्मा की नमाज अकिदत के साथ शान्तिपूर्ण वातावरण में अदा की गयी। प्रखड के महेशपुर हेसल मासू मंझला टोली चिलदाग राजाडेरा कुच्चू जोन्हां इत्यादि के मस्जिदों मे मुस्लिम धर्मावलम्बियों ने अलबेदा जुम्मा की नमाज अदा की तथा अल्लाह से देश दुनिया में अमन शान्ति और भाईचारा कायम करने के साथ साथ गुनाहों से मगफिरत की दुवा मांगीं गई। सभी मस्जिदों में नमाजियों की काफी भीड़ देखी गयी। अब लोगों में ईद को लेकर उत्साह बढ़ गया है। लोग नये-नये वस्त्र की खरीदारी करेंगे और एक दूसरे के गले मिलेंगे।

# रातू : चटकपुर में ब्राउन शुगर के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**22 पुड़िया था ब्राउन शुगर, स्कॉर्पियो को भी किया जब्त**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** पुलिस ने थाना क्षेत्र के चटकपुर नवासोसो में ब्राउन शुगर के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। वही इसका एक साथी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। युवक के पास से पुलिस ने 22 पुड़िया ब्राउन शुगर जब्त किया है। वहीं एक सफेद रंग का स्कॉर्पियो जेएच 01 सीएफ 1086 को भी जब्त कर थाना ले आयी। पुलिस गिरफ्त में आया आरोपी युवक रंजन यादव पिता जितेंद्र यादव गोंदा थाना क्षेत्र के कांके रोड गांधी नगर का रहने वाला है। जानकारी के मुताबिक पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि ग्राम नोवासोसो, चटकपुर एवं आसपास के अन्य गांवों में बहुत से युवक ब्राउनसुगर के नशे के आदि हो रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया था कि एक रंजन यादव नाम का व्यक्ति अपने सफेद रंग के स्कॉर्पियो वाहन से नशेड़ी युवकों को ब्राउन सुगर नाम का नशीला पदार्थ की आपूर्ति करता है। कुछ युवक नशे के इतने आदि हो गये हैं कि नशे के लिए कुछ भी छोटे बड़े अपराध को अंजाम देने के लिए अमादा रहते हैं। ग्रामीणो के सूचना के अनुरूप ड्रग्स का सौदागर शुक्रवार को स्कॉर्पियो में ग्राम नोवासोसो में नशेड़ियों को ब्राउनसुगर देने दोपहर तीन बजे जैसे ही पहुंचा पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय टू अरविंद कुमार एवं अंचल अधिकारी रातू रवि कुमार के नेतृत्व में गठित टीम ने छापेमारी कर एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। वहीं उसका एक साथी पुलिस को देखकर फरार हो गया। पुलिस फरार युवक गोंदा थाना क्षेत्र के विजय यादव के पुत्र सुजीत यादव की तलाश कर रही है। जब्त ब्राउन शुगर की कीमत लगभग 50 हजार रुपया बताई जा रही है।

### चेकिंग के दौरान चार लाख नकद बरामद

**रातू।** पुलिस ने थाना क्षेत्र के फन कैशल पार्क के पास वाहन चेकिंग के दौरान शुक्रवार की शुबह बाइक की डिक्की से चार लाख रुपए बरामद किया है। रुपए रांची के मोराबादी से हरभोंगा, चैनपुर ले जाया जा रहा था । उक्त रुपए चैनपुर थाना क्षेत्र के ही हरभोंगा निवासी जयदेव शर्मा पिता जगदेव शर्मा के पास से बरामद किए गए है। रुपए के साथ पकड़े गए युवक ने बताया कि वह मोराबादी के एक ठेकेदार से रुपए लेकर लेबर पेमेंट लेकर चैनपुर जा रहा था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### नगड़ी में अदा की गई आखिरी जुमे की नमाज

**पिस्कानगड़ी।** पवित्र माहे रमजान के आखरी अलविदा जुम्मे की नाज शुक्रवार को अकीदत के साथ अदा की गई। नमाज अदायेगी के पूर्व नगड़ी जामा मस्जिद के इमाम मौलाना अबू ओबैदा ने अपने खिताब में कहा कि रमजानुल मुबारक का दूसरा अशरा खत्म हो गया है। पवित्र रमजान का तीसरा अशरा यानी मगफिरत फजीलत का अशरा इनाम पाने का है। लोगो इस अशरे में ज्याद से ज्यादा अपने गुनाहों से तौबा व अस्तगफार किया करो अल्लाह इस अशरे में रोजादार बंदों की कसरत से मगफिरत किया करता है। उन्होंने रोजेदारों को गुनाहों और बुराइयों से बचने और नेक अमल करने की नसीहत दी। इससे पूर्व अलविदा जुम्मा नमाज अदायेगी के लिए रोजेदारों का मस्जिदों में आना शुरू हो गया था। लोग निर्धारित समय से पूर्व ही मस्जिदों में पहुंचने लगे थे।

## दिवंगत पत्रकार जयप्रकाश गुप्ता को दी गई श्रद्धांजलि



ओरमांझी में दिवंगत पत्रकार को श्रद्धांजलि देते लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** क्षेत्र के दिवंगत पत्रकार जयप्रकाश गुप्ता के निधन को लेकर शुक्रवार को आयोजित श्राद्ध कार्यक्रम में क्षेत्र के विभिन्न सामाजिक व राजनीति पार्टी के कार्यकर्ता व प्रबुद्ध जनों के साथ झारखंड आंचलिक पत्रकार संघ व रांची प्रेस क्लब रांची के पदाधिकारी सदस्य गण श्रद्धांजलि देने पहुंचे। पत्रकारों ने दिवंगत पत्रकार की पत्नी व पिता के साथ स्वजनों ने मिले। वहीं आंचलिक पत्र संघ द्वारा आथिर्क सहयोग करते हुए स्वजनों को हरसंभव मदद करने का भरोसा दिया। श्रद्धांजलि देने वालों में राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू, पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष जैलेंद कुमार, वैश्य मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहू, आजसू नेता रामधन बेदिया, दुर्गाशंकर साहू, सत्यनारायण तिवारी, सत्यमराज कुशवाहा, अशोक गुप्ता, चतुर साहू, आंचलिक पत्रकार संघ के सचिव दीपक जायसवाल, रांची प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुरेंद्र सोरेन, उपाध्यक्ष धरमेंद्र गिरी, कोषाध्यक्ष कुबेर सिंह, आरजे अरविंद, सुशील सिंह मंटू, शौंडिक युवा मंच के अध्यक्ष अमित राज साहू, सचिव राजधाम साहू, कोषाध्यक्ष अजय साहू, स्थानीय पत्रकार के साथ काफी संख्या में गणमान्य लोग शामिल थे।

# सरहुल महोत्सव में जमकर थिरके अर्जुन मुंडा

**राज परगनेत ने किया सरहुल महोत्सव**



तमाड़ में हुए सरहुल महोत्सव में मांदर बजाते केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा।

खबर मन्त्र संवाददाता

**तमाड़।** राजबाड़ी मैदान ने शुक्रवार को राज परगनेत द्वारा विराट सरहुल महोत्सव का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा शामिल हुए। केंद्रीय मंत्री का पारंपरिक रीति रिवाज से स्वागत किया गया। सरहूल महोत्सव पर केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ढोल नगाड़े पर जमकर थिरके। स्थानीय लोगों ने आदिवासी परंपरा के तहत वस्त्र धारण कर मुंडारी गीत पर अदभुत नृत्य का प्रदर्शन कर उपस्थित लोगों को थिरकने पर मजबूर कर दिया। मेला को संबोधित करते हुए अर्जुन मुंडा ने कहा की सरहुल महोत्सव हमारी पौराणिक संस्कृति को दशार्ती है। जरूरत है हमें इसे संजोने की। इस पर्व के माध्यम से हमें प्रकृति की महत्व को समझते है। सरहुल आदिवासी समाज का पारंपरिक पर्व है। यह पर्व आदिवासी समाज द्वारा पीढ़ी दर पीढ़ी मनाते आ रहे है। आज के इस आधुनिक युग में इस पर्व बचाए रखना हम सभी का परम कर्तव्य है। इसमें युवाओं की भूमिका अहम रहेगी। हमें गर्व है कि हम प्राकृतिक उपासक हैं। हमारा धर्म अति प्राचीन एवं विज्ञान पर आधारित है। हमारा आदिवासी धर्म दर्शन सर्वोत्तम है। हमारी धार्मिक, सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक मान्यताएं एवं परंपराएं प्रकृति के नियमानुसार बनें हैं। सरहूल पूजा मानव को प्राकृतिक के प्रति प्रेम एवं संरक्षण करवाने की ओर प्रेरित करती है। मौके पर तमाड़ परगनेत अध्यक्ष कुमार महेंद्रनाथ शाहदेव, शिक्षाविद गुंजल ईकिर मुंडाए गोलक दास अधिकारी, विमल पातर, रीता मुंडा, जिप सदस्य विजय सिंह मानकी, जगदीश गुप्ता, आलोक दास आदि शामिल थे।

## गर्मी शुरू होते ही बिजली की आंख मिचौली शुरू, ग्रामीण को परेशानी

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** गर्मी की शुरूआत होते ही बिजली ने आंख मिचौली शुरू कर दी है। प्रखंड मुख्यालय सहित प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली 24 घंटे में महज कुछ घंटों के लिए बिजली मिल रही है। शुक्रवार को सुबह से शाम तक बिजली की आंख मिचौली जारी रही। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों की स्थिति और भी खराब हैए जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उपभोक्ता पिछले एक महीने से आंख मिचौनी व लॉ वोल्टेज से परेशान हैं। ग्रामीणों को नियमित बिजली नहीं मिल पा रही हैं। इसके कारण उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीण बिजली विभाग की उदासीनता व लापरवाही का खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। गर्मी के दिनों में बिजली की लचर व्यवस्था से लोगों में रोष व्याप्त है। सुबह शाम में जहां बिजली गायब रहती है वहीं दिन में भी घंटों बिजली का दर्शन नहीं होता है। बिजली की आंख मिचौली से अस्पतालए बैंक सहित सभी सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थान भी प्रभावित हो रहे हैं। समय से बिजली न आने से किसानों को सिचाई संकट का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि जब से गर्मी की शुरूआत हुई है तबसे बिजली किल्लत और भी बढ़ गई है। दिन व रात के समय में कटौती बढ़ने से लोगों को खासी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। बिजली की समस्या से सबसे ज्यादा विद्यार्थी वर्ग व किसान वर्ग के लोग प्रभावित हो रहे हैं।किसानों के खेतों में सिंचाई नहीं हो पा रही हैं। ग्रामीणों ने विभाग से जल्द व्यवस्था में सुधार लाकर क्षेत्र में सुचारू रूप से बिजली व्यवस्था बहाल कराये जाने की मांग की है।

**एक नजर में**

### मांडर में निकली जन जागरण शोभायात्रा



**मांडर।** श्री महावीर मंडल मुड़मा मंदिर में हो रहे पांच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा रूद्र चंडी यज्ञ एवं मंदिर पुनर्निमाण को लेकर लेकर एक भव्य एवं विशाल जन जागरण शोभायात्रा शुक्रवार को निकाली गई। शोभा यात्रा का शुभारंभ विधिवत रूप से शंखनाद कर मुड़मा हनुमान मंदिर से प्रारंभ की गई जोकि ब्राम्बे, मालटोटी, मुरगु, बेलगी, काटू, मखमंद्रो, ब्रजपुर, रातू, चट्टी, काठीटांड़, ठाकुर गांव बुढ़मू, करगे, चोरेया बीजूपड़ा, मिशन चौक, मांडर, पुंगी, कंदरी, करकरा होते हुए वापस मुड़मा को पहुंची। इस शोभा यात्रा में लगभग 351 की संख्या में मोटरसाइकिल शामिल हुए। शोभा यात्रा का आकर्षण युवाओं में अत्यधिक उत्साह दिखा जो की आने वाले इस पंचदिवसीय यज्ञ की सफलता का मापदंड निर्धारित कर रहा था। इस आयोजन में मुख्य रूप से श्री महावीर मंडली मुड़मा के अध्यक्ष मनोहर साहू, समाजसेवी बाबू पाठक, महावीर मंडली यज्ञ समिति के विनोद साहू, अर्जुन महतो, संजय साहू, राम तिलक साहू, जितेंद्र साहू, कृष्णा साहू, बसंत साहू, अजय साहू, पवन साहू, धीरज ठाकुर, आकाश महतो, मनीष कुमार, शशि कुमार, देवी उरांव, अयोध्या सिंह, आदित्य सोनी, सूरज ठाकुर के अलावे सैकड़ों की संख्या में सनातन धर्मावलंबी शामिल हुए।

### खूंटी के भूत जंगल से मिला अज्ञात वृद्ध का शव

**खूंटी।** ग्रामीणों से मिली सूचना के आधार पर खूंटी थाना की पुलिस ने शुक्रवार को खूंटी के भूत जंगल से लगभग 60 वर्षीय एक वृद्ध व्यक्ति का शव बरामद किया। शव की पहचान नहीं हो सकी है। शव पर किसी प्रकार के चोट का निशान नहीं है। पुलिस ने आवश्यक प्रक्रिया के बाद शव का पोस्टमार्टम करा कर उसे सुरक्षित शीत गृह में रख दिया है।

### दुआ में हजारों की एक ही आवाज 'ए अल्लाह इन सभी पर तू अपना करम फरमा'

**धनबाद।** कड़ी धूप, प्यास की शिद्दत, शुष्क होंठ, और रब के सामने अपने शहर, अपने मुल्क, अपने परिजन, अपने दोस्त, अपने पड़ोस, जान पहचान के लिए दुआ में एक साथ हजारों की एक ही आवाज 'ए अल्लाह इन सभी पर तू अपना करम फरमा, ए अल्लाह सभी को तू खुशहाल रख।

## महागठबंधन प्रत्याशी कालीचरण मुंडा ने ग्रामीण क्षेत्रों का किया दौरा

**मतदाताओं से मिलकर मांगा वोट**

खबर मन्त्र संवाददाता

**तमाड़।** खूंटी संसदीय सीट के कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुंडा इन दिनों तमाड़ विधानसभा क्षेत्र भ्रमण पर हैं। कालीचरण मुंडा तमाड़, बुंडू, अड़की के विभिन्न क्षेत्रों में डोर टू डोर जाकर जनसंपर्क कर रहे हैं। शुक्रवार को कांग्रेस प्रत्याशी ने सिंदरी, मारांगपीड़ी, बान्दू, सिरकाडीह, हिन्द्रीडीह आदि दर्जनों गांवो में लोगो से मिल कांग्रेस के समर्थन में मतदान करने की अपील किये। उन्होंने कहा कि बीजेपी के दुष्प्रचार और जनविरोधी नीतियों के खिलाफ मजबूती से खड़ा रहकर संघर्ष करने का समय है। भाजपा प्रत्याशी का गांव-गांव में लोगो द्वारा विरोध देखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि जनता के बीच बीजेपी को बेनकाब करेंगे और जनहित के हर मुद्दे पर पार्टी की गारंटियों का प्रचार करेंगे। उन्होंने कहा कि पूरा देश राहुल गांधी के साथ खड़ा है। पिछले 10 सालों में मोदी सरकार जनता से किए वादे पूरे नहीं कर पाई है। जनता मोदी सरकार के खिलाफ माहौल है। राहुल गांधी ने अपनी श्भारत जोड़ो यात्राश में जनता को न्याय की गारंटी दी है। भारत की जनता को न्याय के सिवा कुछ नहीं चाहिए। 2024 का यह चुनाव धनतंत्र और गरीब जनता के बीच का चुनाव है। कांग्रेस पार्टी जन तंत्र से लोकतंत्र को बचाना चाहती है। इस अवसर पर प्रखंड अध्यक्ष संजय सेठ, अड़की प्रखंड अध्यक्ष बसंत सेठ, अजय साहू, हीरा मुंडा, खगेश महतो, उदय सिंह मुंडा आदि शामिल थे।

# अकीदत से अदा की अलविदा जुमे की नमाज

खबर मन्त्र संवाददाता

**इटकी।** पवित्र माह रमजान के अंतिम जुमा यानी अलविदा जुमा की नमाज शुक्रवार को इस्लाम धर्मावलंबियों ने बड़ी अकीदत के साथ अदा की। अलविदा जुमे की नमाज की तैयारी लोग सुबह से ही कर रहे थे। दोपहर में अजान के साथ ही लोग मस्जिदों में पहुंचने लगे। पल भर में मस्जिद नमाजियों से भर गया। नमाज से पूर्व इटकी जामा मस्जिद में मौलाना तल्हा नदवी ने अपने खिताब में कहा कि रमजान माह का आखरी अशरा चल रहा है। ये जहन्नुम के आग से छुटकारा पाने का अशरा है। इसलिए ज्यादा से ज्यादा इबादत करें और अपने गुनाहों से तौबा कर मगफिरत के लिए खूब दुआ करें। उन्होंने कहा कि लैलतुल कदर की रात इसी आखरी अशरे की ताक रातों में है। इस एक रात की इबादत का सवाब हजार रातों के इबादत के बराबर है। इस लिए आखरी अशरे की ताक रातों में जाग कर खूब इबादत करें। इसके बाद अलविदा जुमे की नमाज अदा की गई। नमाज के बाद देश व विश्व में अमन चैन, भाईचारे, शांति, खुशाली व तरक्की की सामूहिक दुआ मांगी गई। मस्जिद ए जाफर, मदीना मस्जिद, सैयदा मस्जिद, मस्जिदे बेलाल, मस्जिदे आयशा, मस्जिदे उम्मे सलमा के अलावा कुंदी, बारीडीह, तरगड़ी, कुर्गी, गढ़गांव, फिरदौस नगर, रानीखटंगा, टूरगुरु, सुल्तान नगर सहित अन्य गांव के मस्जिदों में अलविदा जुमे की नमाज अदा की गई।स



इटकी जामा मस्जिद में अलविदा जुमे की नमाज अदा करते लोग।

# लोकतंत्र के महापर्व को बनायें सफल : उपायुक्त

- **मांडर प्रखंड मुख्यालय में उपायुक्त ने प्रखंड कर्मियों संग की बैठक**

खबर मन्त्र संवाददाता

**मांडर।** प्रखंड मुख्यालय सभागार में शुक्रवार को उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा की अगुवाई में प्रखंड कर्मियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक का आयोजन लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर किया गया था। आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि लोकतंत्र का महान पर्व है। हमें हर हाल में इसे सफल बनाना है। हमें वह सभी प्रयास करने हैं जिससे मतदाता नियत तिथि के दिन मतदान देने हेतु अपने घरों से निकले। साथ ही संबंधित अधिकारियों की यह जिम्मेवारी होगी कि मतदान केंद्रों में पोलिंग पार्टियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। इसके लिए उन्होंने एक कमेटी भी बनाई है। साथ ही कमेटी के सदस्यों को निर्देश दिया कि सप्ताह में एक से दो दिन इस कार्य को लेकर वह पूरी तरह से सतर्कता भरते हैं। मौके पर ए मांडर और नरकोपी के थाना प्रभारी खलारी के सर्किल इंस्पेक्टर विजय कुमार सिंहए प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोरंजन कुमार, बीपीओ गौरव कुमार मिश्रा, कनीय अभियंता आशुतोष श्रीवास्तव सहित प्रखण्ड कर्मी व अंचल कर्मी मौजूद थे।



## खूंटी में अलविदा जुमे की नमाज अदा कर मांगी खुशहाली की दुआ

**खूंटी।** रमजान के पवित्र माह में पड़ने वाले अंतिम शुक्रवार को मुस्लिम धर्मावलंबियों ने शहर के कर्रा रोड स्थित जामा मस्जिद, पाशा कॉलोनी स्थित मस्जिद ए जोहरा, जन्नत नगर स्थित मदीना मस्जिद सहित सिल्दा गांव के मस्जिदे अक्सा और जिला के अन्य मस्जिदों में श्रद्धा एवं उत्साह के साथ अंतिम जुम्मे की नमाज अदा की। इस दौरान नमाजियों ने देश में शांति और खुशहाली के साथ ही अल्लाह ताला से बरकत की दुआएं मांगी गई। पाक माह रमजान के आखिरी जुम्मे को अलविदा जुम्मे की नमाज के लिए मस्जिदों में विशेष तैयारी की गई थी। मस्जिदों में अलविदा जुम्मे की नमाज के लिए रोजेदारों के साथ ही अन्य नमाजियों की काफी भीड़ देखी गई। इस दौरान इमाम साहब ने सभी को बुरे कामों से परहेज करने को कहा। उन्होंने कहा कि लोगों को अल्लाह के बताए रास्ते पर चलते हुए अल्लाह पाक की इबादत करनी चाहिए, केवल दिखावे के लिए इबादत करने से अल्लाह खुश नहीं होंगे बल्कि नाराज ही होंगे।

## लेवी वसूलने आये पीएलएफआई के तीन उग्रवादी गिरफ्तार, देसी कट्टा, गोली, नक्सली पर्चा बरामद

खबर मन्त्र संवाददाता

**खूंटी।** एसपी अमन कुमार को मिली गुप्त सूचना के आधार पर गठित छापामार टीम ने गुरुवार को मुरहू थानांतर्गत गुल्लू साप्ताहिक बाजार में छापामारी कर लेवी वसूलने आये प्रतिबंधित नक्सली संगठन पीएलएफआइ के एरिया कमांडर लंबू उर्फ राडूंग बोदरा उर्फ टीरा बोदरा दस्ते के तीन सक्रिय उग्रवादियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार उग्रवादियों में मुरहू थानांतर्गत बालो मेहरा टोली गांव निवासी शंकर गोप, घाघरा बनटोली गांव निवासी अजीत स्वांसी तथा सायको थाना क्षेत्र के भुरसू गांव निवासी सुनील नायक शामिल हैं। उनके पास से पुलिस ने एक देसी कट्टा, पांच जिंदा गोली, पीएलएफआइ का पर्चा, लेवी के नगद 15700 रुपये, एक पॉकेट डायरी और छह मोबाइल बरामद किये हैं। यह जानकारी खूंटी के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वरुण रजक ने शुक्रवार अपराह्न में अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। एसडीपीओ ने बताया कि पूछताछ के दौरान गिरफ्तार उग्रवादियों ने पीएलएफआइ के एरिया कमांडर लंबू उर्फ राडूंग बोदरा के निर्देश पर लेवी वसूलने, संगठन का प्रचारह्नप्रसार करने, संगठन के लिए नेटवर्किंग का काम करने और संगठन के नाम पर क्षेत्र में दहशत फैलाने की बात स्वीकार की है।

**लंबा आपराधिक इतिहास है गिरफ्तार उग्रवादियों का**

गिरफ्तार शंकर गोप के विरुद्ध जिले के मुरहू, रनिया तोरपा और खूंटी थाने में हत्या, 17 सीएलए एक्ट आर्म्स एक्ट सहित अन्य संगीन धाराओं में कुल 16 मामले दर्ज हैं। इनमें आठ मामले हत्या के हैं। इसी प्रकार अजीत स्वांसी के विरुद्ध मुरहू, तोरपा और खूंटी तथा पश्चिम सिंहभूम के बंदगांव थाने में हत्या, 17 सीएलए एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि संगीन धाराओं में कुल आठ मामले दर्ज हैं, जबकि सुनील नायक के विरुद्ध खूंटी थाने में एक मामला दर्ज है। इसके अतिरिक्त अन्य थानों से भी इनका आपराधिक इतिहास पता किया जा रहा है।



बचरा श्रमिक क्लब क्लस्टर पर पहुंचे मतदानकर्मी।

# बोदा और नदी टोली गांव में आजतक नहीं बनी सड़क

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** देश को आजाद हुए 77 साल बीत चुके हैं। देश डिजिटल इंडिया की तरफ बढ़ रहा है। लेकिन कुछ गांव ऐसे हैंए जहां आज भी विकास की किरण नहीं पहुंची है। ऐसा ही हाल प्रखंड के हरिहरपुर जामटोली पंचायत के बोदा व नदी टोली गांव का हैं। जहां आजादी के सात दशक बीतने के बाद भी आज तक गांव तक पहुंचने के लिए सड़क नहीं बनी है। गांव में सड़क नहीं होने के कारण ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जबकि बेड़ो प्रखंड मुख्यालय से छह किलोमीटर की दूरी पर दोनों गांव स्थित है। गांव के रहने वालों ने बताया कि नदी टोली गांव में जाने के लिए पक्की रोड नहीं रहने से बरसात के मौसम में घोर संकट का सामना करना पड़ता है। वही बोदा गांव में प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत सड़क का निर्माण कराया गया था। लेकिन सड़क निर्माण कार्य में अनियमितता के कारण पहली वर्षा में सड़क बह गया। लेकिन आज तक इस रोड का प्रशासन या जनप्रतिनिधि ने सुध नहीं लिया। रोड जर्जर हो गया है। जगह जगह गड्ढे हैं। सड़क का पक्कीकरण नहीं होने से ग्रामीणों को यातायात में बहुत परेशानी होती है। इस गांव के लोग एक टापू की जिदगी व्यतीत कर रहे हैं। क्योंकि गांव के चारों तरफ खेत व जंगल है। वहीं जब भी चुनाव का समय आता है तो जनप्रतिनिधि एवं उनके सहयोगी आश्वासन की घुट्टी पिलाकर चले जाते हैं। चुनाव जीतने के बाद प्रतिनिधि को इस गांव की याद नहीं आती है। ग्रामीणों का कहना है कि हर बार चुनाव के समय नेताओं के द्वारा सड़क बनाने का आश्वासन दिया जाता हैए लेकिन चुनावों के बाद कोई भी नेता गांव की तरफ पलट कर नहीं देखता है। लोगों ने बताया कि जिलाधिकारी से लेकर कई नेताओं और मंत्रियों को भी गांव में सड़क निर्माण के लिए आवेदन दिया। लेकिन आज तक प्रशासन ने गांव में सड़क निर्माण के लिए कोई कदम नहीं उठाया ।

